आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 27.03.2026 समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पश्चिम एशिया संघर्ष पर आज शाम मुख्यमंत्रियों के साथ चर्चा करेंगे।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से लोकभवन में भीष्म थिंक टैंक के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। वैश्विक और सामरिक मुद्दों पर चर्चा की गई।
- प्रदेश में हज यात्रियों की स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण का कार्यक्रम जारी।
- हरिद्वार में कुंभ मेला–2027 की ड्यूटी के दौरान तैनात सुरक्षा कर्मियों के लिए विभिन्न स्थानों पर आधुनिक बैरकों के निर्माण पर तेजी से काम किया जा रहा है।

<u>प्रधानमंत्री समीक्षा</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम पश्चिम एशिया संघर्ष पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बातचीत करेंगे और राज्यों की तैयारियों तथा योजनाओं की समीक्षा करेंगे। सूत्रों के अनुसार बैठक में 'टीम इंडिया' की भावना से समन्वित प्रयासों को सुनिश्चित करने पर बल दिया जाएगा। हालांकि, आदर्श आचार संहिता के कारण चुनाव वाले राज्यों के मुख्यमंत्री इस बैठक में शामिल नहीं होंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के दोनों सदनों में पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर भारत का रुख स्पष्ट किया था। श्री मोदी ने कहा था कि सरकार पेट्रोल, डीजल, तेल, गैस और उर्वरकों की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने सदन को बताया था कि भारत ने पिछले 11 वर्षों में ऊर्जा आयात के अपने स्रोतों को 27 देशों से बढ़ाकर 41 देशों तक कर दिया है। इससे किसी एक क्षेत्र पर निर्भरता कम हो गई है।

<u>भीष्म थिंग टैंक</u>

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से लोक भवन में भारत हिमालयन इंटरनेशनल स्ट्रेटेजिक मंच–भीष्म थिंक टैंक के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान समकालीन वैश्विक परिदृश्य और उसके राष्ट्रीय प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में थिंक टैंक से जुड़े वरिष्ठ पूर्व सैन्य अधिकारियों और विषय विशेषज्ञों ने आधुनिक युद्ध के बदलते स्वरूप, साइबर और तकनीकी आयाम, ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर संभावित प्रभावों पर अपने विचार साझा किए। इस मौके पर राज्यपाल ने विशेषज्ञों के अनुभव और ज्ञान की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान समय में वैश्विक परिदृश्य तेजी से परिवर्तित हो रहा है, जिसमें पारंपरिक युद्ध के साथ–साथ तकनीक, सूचना और आर्थिक आयाम भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के विमर्श नीति–निर्माण को सुदृढ़ दिशा प्रदान करने के साथ ही उभरती चुनौतियों को समझने और उनके समाधान खोजने में सहायक सिद्ध होंगे।

कार्यभार ग्रहण

राज्य मंत्रिमंडल में शामिल नवनियुक्त कैबिनेट मंत्रियों– खजान दास और भरत सिंह चौधरी ने विधानभवन में अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री खजान दास ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और पार्टी नेतृत्व ने जो विश्वास उन पर जताया है, वे उस पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

वहीं, नवनियुक्त मंत्री भरत सिंह चौधरी ने कार्यभार ग्रहण के बाद कहा कि पार्टी ने उन्हें जिम्मेदारी सौंपी हैं, उसमें वह बेहतर कार्य करने का प्रयास करेंगे।

चारधाम यात्रा

प्रदेश में आगामी 19 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा को सुरक्षित और सुचारू रूप से कराने की तैयारियां जोरों पर हैं। वहीं, यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल ने कहा कि वे स्वयं और स्थानीय प्रशासन, लगातार यमुनोत्री धाम का निरीक्षण कर रहे हैं और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए नियमित बैठकें भी आयोजित की जा रही हैं। श्री डोभाल ने बताया कि उन्होंने हाल ही में जिलाधिकारी के साथ यमुनोत्री का विशेष निरीक्षण किया और वैकल्पिक मार्ग की सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया, ताकि पैदल यात्रियों के साथ ही घोड़े–खच्चर व डंडी–कंडी से यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। उन्होंने उम्मीद जताई कि 15 अप्रैल तक सभी व्यवस्थाओं को पूरा कर लिया जाएगा। गौरतलब है की 19 अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा शुरू हो जाएगी। केदारनाथ के कपाट 22 अप्रैल को, जबकि बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे।

हज यात्रा

प्रदेश के हज यात्रियों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। यह प्रक्रिया अलग–अलग जिलों में निर्धारित तारीखों पर कराई जाएगी। उत्तराखण्ड राज्य हज समिति के अध्यक्ष खतीब अहमद ने बताया कि हरिद्वार और पौड़ी गढ़वाल के हज आवेदकों का स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण आज से उप जिला चिकित्सालय रुड़की में हो रहा है। देहरादून के हज यात्रियों के लिए कल जिला चिकित्सालय कोरोनेशन में यह प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। वहीं, ऊधमसिंह नगर जिले के जसपुर, काशीपुर और बाजपुर क्षेत्र के आवेदकों की जांच 31 मार्च को उप जिला चिकित्सालय एल.डी. भट्ट, काशीपुर में किया जाएगा। नैनीताल और अल्मोड़ा जिले के हज यात्रियों के लिए पहली अप्रैल से बेस चिकित्सालय हल्द्वानी में यह प्रक्रिया की जाएगी। हज समिति अधिशासी अधिकारी मोहम्मद आरिफ खान ने बताया कि सभी हाजियों को उनकी निर्धारित तिथि की सूचना मोबाइल नंबर पर भेजी

जाएगी। उन्होंने हाजियों से अपील की है कि वे तय तिथि, समय और स्थान पर पहुंचकर अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण कराएं, जिससे हज यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

<u>बैरक निर्माण</u>

हरिद्वार में कुंभ मेला–2027 की ड्यूटी के दौरान तैनात सुरक्षा कर्मियों को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त बैरकों के निर्माण की योजना पर तेजी से काम किया जा रहा है। रोशनाबाद स्थित पुलिस लाइन में महिला पुलिसकर्मियों के लिए 100 बेड क्षमता की बैरक का निर्माण कराया जा रहा है। यह बैरक महिला कर्मियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बनाई जा रही है। ऋषिकेश स्थित भद्रकाली पुलिस चौकी में भी पुलिसकर्मियों के लिए बैरक निर्माण का कार्य किया जा रहा है। कुंभ मेला व्यवस्थाओं के तहत हरिद्वार में पुलिसकर्मियों के लिए 300 बेड क्षमता की एक बड़ी बैरक के निर्माण का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है। इसके साथ ही अग्निशमन कर्मियों के लिए अलग से बैरकों के निर्माण की योजना बनाई जा रही है, ताकि आपातकालीन सेवाओं में तैनात कर्मचारियों को भी बेहतर सुविधाएं मिल सके। इसी क्रम में गत दिनों अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती ने संबंधित अधिकारियों की टीम के साथ बैरागी कैंप स्थित घोड़ा पुलिस लाइन और मायापुर स्थित फायर स्टेशन परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित स्थलों के संबंध में रिपोर्ट मेलाधिकारी को प्रस्तुत कर अंतिम स्वीकृति के लिए शासन को भेजी जाएगी, ताकि निर्माण कार्य समय से पूरा कराया जा सके।

<u>टिहरी नगर पालिका</u>

नई टिहरी नगर पालिका ने शहर की खराब सड़कों को बेहतर बनाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। नगर पालिका बोर्ड ने 19 किलोमीटर की सड़कों को हॉट मिक्स करने के लिए करीब साढ़े सात करोड़ रुपए की धनराशि पास की है। इस बजट को कार्यदायी संस्था, लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित किया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने बताया कि पालिका के अंतर्गत सड़क का हॉट मिक्स का कार्य अप्रैल माह से शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग को हॉट मिक्स के कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए कहा गया है।